Jamshedpur Co-operative College
Jamshedpur

(A Constituent Unit of Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand)

Accredited Grade 'B' by NAAC

An ISO 14001:2015, ISO 21001:2018 & ISO 50001:2018 Certified Institution

☎ : 0657-2228176 | E-mail : cooperativecollegejsr@gmail.com | Website : cooperativecollegejsr.ac.in

Estd : 1954

Ref. No. : JCC/Notice/57/24

Date : 06.04.2024

अतिआवश्यक सूचना

(सभी विद्यार्थियों एवं उनके माता–पिता का नाम लोक सभा निर्वाचन–2024 हेतु)
मतदाता सूची में दर्ज करने के संबंध में

वरीय पदाधिकारी SVEEP कोषांग, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पत्रांक संख्या–28/स्वी0 को0 दिनांक–04.04.2024 के आलोक में सभी विभागाध्यक्षों, संबंधित सभी शिक्षकों (इण्टरमीडिएट सहित) एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सूचित करना है कि अपने महाविद्यालय के वैसे सभी विद्यार्थी जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे ज्यादा है तथा उनके माता–पिता का नाम लोक सभा निर्वाचन–2024 हेतु मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं इसकी सूचना अति अल्प समय में प्राप्त करने एवं SVEEP कोषांग में उसे प्रतिवेदन के माध्यम से भेजने का आदेश प्राप्त हुआ है। आप सभी से अनुरोध है कि अपने विभागीय स्तर पर अपने विषय के सभी विद्यार्थियों एवं उनके माता–पिता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं, की सूचना दिनांक–09 अप्रैल, 2024 तक प्राप्त कर प्राचार्य कार्यालय अथवा महाविद्यालय ELC के नोडल पदाधिकारी अथवा समन्वयक को देना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य को अति आवश्यक सामाजिक उत्तरदायित्व वाला कार्य समझा जाय।

जिन विद्यार्थियों एवं उनके माता–पिता का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उनसे फॉर्म–6 अतिशीघ्र भरवाने के लिये उत्प्रेरित करते हुए मतदाता सूची में दर्ज करवाने का प्रयास किया जाय। इस कार्य में विभागाध्यक्ष सहित सभी शिक्षक गंभीरता से सहयोग करेंगे।

इसके लिए एक Google Form भी महाविद्यालय स्तर पर जेनरेट कर दिया गया है एवं जिसमें नये वोटर के रजिस्ट्रेशन के लिए Election Commission of India का लिंक दे दिया गया है। इस Google Form को महाविद्यालय के वेबसाईट सहित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के व्हाट्सअप ग्रुप पर भी शेयर कर दिया गया है। सभी विद्यार्थी इस Google Form को भरकर Submit कर देंगे जिससे महाविद्यालय को विद्यार्थियों एवं उनके माता–पिता के मतदाता परिचय–पत्र एवं मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं अथवा नहीं की सूचना शीघ्र मिल जायेगी जिसे आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन को प्रेषित कर दिया जायेगा।

सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं विद्यार्थी उपर्युक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए तद्नुरूप अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे।

Singh
06.04.2024
(डॉ0 अमर सिंह)
प्राचार्य

6/04/2024

प्रतिलिपि :

1. सभी संबंधितों को
2. सूचनापट्ट
3. वेबसाईट